दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्‌न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

प्रयागराज महाकुम्भ दो हजार पच्चीस का आज इकतालीसवां दिन है और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है। अब तक उनसठ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, और यह आंकड़ा जल्द ही साठ करोड़ को पार कर जाएगा। केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, के साथ समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था में पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं, बिहार समेत सीमावर्ती राज्यों में भी श्रद्धालुओं के आवागमन में सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं। रेलवे प्रशासन कई महाकुंभ विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। रेलवे ने बढ़ती भीड़ के प्रबंधन के लिए विभिन्न स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधायुक्त होल्डिंग एरिया बनाए हैं।

———————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल के तहत महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जयनगर, दरभंगा और सहरसा स्टेशन से आज तीन कुंभ विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। जयनगर से शाम साढ़े चार बजे, दरभंगा से रात नौ बजे और सहरसा से शाम चार बजे कुंभ स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। यह जानकारी मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि देश भर के दो करोड़ पचास लाख किसान इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत और ऑनलाइन माध्यम से शामिल होंगे। इधर, भागलपुर में सभा स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एनडीए के कई बड़े नेता तैयारियों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता और भागलपुर के पूर्व सांसद सैयद शाहनवाज हुसैन, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी समेत पार्टी के कई बड़े नेता जनसंपर्क कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दे रहे हैं।

———————————————————————

पटना स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, आई. सी. ए. आर.– आर. सी. ई. आर. ने आज अपनी स्थापना के पच्चीस वर्ष पूरे कर लिये हैं। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि हरित क्रांति का लाभ पूर्वी भारत को मिले इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। श्री पाठक ने किसानों तक जलवायु परिवर्तन के अनुकूल फसलों की वैरायटी पहुंचाने की अपील की है। समारोह को कृषि वैज्ञानिक चयन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने भी संबोधित किया। समारोह के बाद विधायक संजीव चौरसिया ने अपने विधायक निधि से संस्थान परिसर में बने रजत जयंती पार्क का उद्‌घाटन किया।

———————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। जिसके कारण दिन के समय लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं, विभिन्न जिलों का अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहेगा। वहीं, कल सुपौल, अररिया, किशनगंज और मधेपुरा समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————————

राष्ट्रीस स्वयं सेवक संघ की प्रमुख इकाई, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की ओर से आज दरभंगा में विकसित भारत, दिव्य भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने भी ऑनलाइन माध्यम से संबोधित किया।

———————————————————————

सहरसा जिले के महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनपुर बाजार में भीषण अगलगी की घटना में आधा दर्जन दुकानें और एक मदरसा जलकर खाक हो गया। अगलगी की घटना में लाखों का नुकसान हुआ है। प्रखंड प्रशासन की ओर से प्रभावितों को सहायता राशि की घोषणा की गयी है।

———————————————————————

बेगूसराय के गणेशदत्त महाविद्यालय की ओर से वैश्विक अनुसंधान प्रक्रिया— परिदृश्य और चुनौतियां विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में नाईजीरिया, बांग्लादेश और नेपाल समेत विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के शिक्षाविद् भाग ले रहे हैं।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।